# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

### विषय - हिन्दी (प्रथम भाषा)

समय- $2\frac{1}{2}$ घण्टे | कक्षा- 7 | पूर्णांक-60

**बहुविकल्पीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 1-5 )**

**निर्देश** सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र 1 हमें जीवों के प्रति किस तरह की भावना रखनी चाहिए? 1

(A) ईर्ष्या की (B) मैत्री की (C) अहंकार की (D) कृतघ्न की

प्र-2 लहिणा किस नाम से प्रसिद्ध हुआ? 1

(A) गुरु अंगद जी (B) गुरु गोविंदसिंह जी (C) गुरु अर्जुन देव जी (D) गुरु नानक देव जी

प्र-3 रामलीला में रामचंद्र जी ने अग्निबाण से किसकी नाभि का अमृत सुखा दिया था? 1

(A) कुम्भकर्ण (B) मेघनाथ (C) रावण (D) विभीषण

प्र-4 'छोटा जादूगर' कहानी किसकी रचना है? 1

(A) विष्णु प्रभाकर (B) मालती जोशी (C) डॉ. छाया पाठक (D) जयशंकर प्रसाद

प्र-5 निम्नलिखित में से द्विगु समास का उदाहरण कौन-सा है? 1

(A) पंचवटी (B) नीलकमल (C) यथाशक्ति (D) गजानन

**रिक्त स्थान ( प्रश्न 6 - 10 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-6 निंदक नियरे राखिए ................ कुटी छबाय। 1

प्र-7 योगाभ्यास के लिए सर्वोत्तम समय. ................ का होता है। 1

प्र-8 महाराजा छत्रसाल ................ के नाम से विख्यात हैं। 1

प्र-9 लोकमान्य तिलक ने अपने कारावास का अधिकांश भाग ....,.............. जेल में ही गुजारा था। 1

प्र-10 जहाँ संतान, शिष्य या शिशु के प्रति स्नेह भाव का वर्णन हो वहाँ ...................... रस होता है। 1

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 11 - 16 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र-11 गौरैया की आँखों और परों की तुलना किस की गई है? 2

प्र-12 मध्यप्रदेश के प्रमुख चार अंचलों के नाम लिखिए। 2

प्र-13 बिना अलार्म घड़ी के दादी सुबह कैसे उठ जाती थी? 2

प्र-14 नाक हीटर का काम कैसे करती है? 2

प्र-15 श्रृंगार रस और वीर रस के स्थायी भाव लिखिए। 2

प्र-16 'पीठ दिखाना' और 'कलेजे पर पत्थर रखना' मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 2



P.T.O.

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 17 – 22 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्र–17 बलराम कृष्ण को क्या कहकर चिढ़ाते हैं? 3

प्र–18 चीनी यात्री ह्वेनसांग अपने साथ भारत के अमूल्य ग्रंथ क्यों ले जाना चाहता था? 3

प्र–19 राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कब और क्यों मनाया जाता है? 3

प्र–20 महाराजा अग्रसेन ने पशु बलि प्रथा क्यों बंद की? 3

प्र–21 'परि' उपसर्ग लगाकर तथा 'इक' प्रत्यय लगाकर तीन–तीन शब्द लिखिए। 3

प्र–22 अपने प्रधानाध्यापक को तीन दिन की छुट्टी हेतु उचित कारण बताते हुए प्रार्थना–पत्र लिखिए। 3

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 23 – 26 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70–80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र–23 कबीर के अनुसार निंदक को निकट रखने से क्या लाभ हैं? 5

प्र–24 सुभाषचन्द्र बोस ने लोकमान्य तिलक को विश्व के महापुरुषों की प्रथम पंक्ति में स्थान मिलने की सिफारिश क्यों की है? 5

प्र–25 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

पुस्तकालय हमारे देव मन्दिर हैं। आत्मनिर्भरता के लिए भारत के नगर–नगर, घर–घर और विद्यालयों में पुस्तकालयों का होना अनिवार्य है। विद्यालयों में पुस्तकालय बालकों की रुचि का निर्माण करने एवं समय का सदुपयोग करने में सहायक हो सकते हैं। पुस्तकालय किसी देश की प्रगति को बताने वाले होते हैं। विदेशों की अपेक्षा भारत में पुस्तकालयों की संख्या कम है।

1. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. आत्मनिर्भरता के लिए क्या अनिवार्य है?
3. पुस्तकालयों का बालकों से क्या संबंध है?

प्र–26 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए– 5

1. मेरा विद्यालय
2. मेरी माँ
3. कोई त्योहार

-----x-----